Vivekanand School
D-Block, Anand Vihar, Delhi - 110 092

VS/SW/2024-25/Cir-067 Date: 22/8/2024

।। श्री गणेशाय नमः ।।

नमस्कार,

प्रिय शिक्षकगण

आप सभी का हृदय इस शुभ समाचार को सुनकर प्रसन्नता से भर उठेगा कि इस बार 'गणेश चतुर्थी'के अवसर पर हमारे विद्यालयी प्रांगण में 'गणपति बप्पा' का भव्य आगमन होने जा रहा है। गणपति बप्पा ज्ञान और बुद्धि के भव्य स्वरूप, भक्तों के विघ्नहर्ता है । इस बार 'गणेश चतुर्थी'के उपलक्ष्य में गणपति महाराज पाँच दिवस के लिए विद्यालय के प्रांगण में विराजमान होंगे व हम सभी पर अपने आशीर्वाद की वर्षा कर हमें कृतार्थ करेंगे।

इस पाँच दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन 7 सितंबर से 11 सितंबर तक किया जाएगा। 7 सितंबर की सुबह 8.45 बजे बप्पा के कदम हमारे प्रांगण की भूमि पर अंकित होंगे । सभी सदस्यों से यह विनम्र निवेदन है कि इन पाँचों दिनों गणपति जी की सेवा में अपनी उपस्थिति समय से अवश्य दर्ज कराएँ । कार्यक्रम कुछ इस प्रकार संचालित होगा:-

- सर्वप्रथम प्रातः कालीन पूजा।
- संध्या में भजन संध्या 6 से 7:30 बजे तक ।
- रात्रि सेवा - सायं 8 से प्रातः 5:30 बजे तक ।
- प्रातः सेवा - प्रातः 5:30 से प्रातः 7:15 बजे तक ।

(जो सदस्य रात्रि सेवा में उपस्थित होंगे उन्हें अगले दिन 9:30 बजे तक आने की अनुमति प्रदान होगी) ।

- 11 सितंबर को गणपति जी का विसर्जन दोपहर 3:30 बजे किया जाएगा ।

सभी सदस्य विद्यालयी समय में अपनी कक्षा समाप्ति के बाद जब-जब उपलब्ध होंगे तब-तब सभी बप्पा की सेवा में हाजिर होने का प्रयास करें । आप सभी की सहायता के लिए गुगल फॉर्म साझा किया जा रहा है जिसमें आप सभी सदस्यों को अपनी सुविधानुसार दिन व समय का चुनाव करने का अवसर दिया जाएगा ।

इस पावन पर्व के अवसर पर सभी सम्मिलित होकर इस भव्य समारोह की शोभा बढाएँ ।

।। गणपति बप्पा मोरया ।।

धन्यवाद